# दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
## Department of Empowerment of Persons with Disabilities
## ई-सरल हिन्दी वाक्यकोश

| | ENGLISH | हिन्दी | English Sentence | हिन्दी वाक्य |
|---|---|---|---|---|
| | **A** | | | |
| 1. | Accessible | सुगम्य | **Accessible** India Campaign is a flagship scheme of the Govt. of India. | **सुगम्य** भारत अभियान भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है। |
| 2. | Accessibility | सुगम्यता | Accessibility features are to be provided in all Government buildings. | सभी सरकारी भवनों में **सुगम्यता** सुविधाएं प्रदान की जानी हैं |
| 3. | Accordingly | तद्नुसार | **Please** advise accordingly. | कृपया **तदनुसार** सलाह दें। |
| 4. | Action | कार्रवाई | **Action** may be taken at your end. | आपकी ओर से कार्रवाई की जाए । |
| 5. | Autism | स्वपरायणता | **Autism** is a type of mental disability. | **स्वपरायणता** एक प्रकार की मानसिक दिव्यांगता है। |
| 6. | As amended | यथा संशोधित | Issue **as amended**. | **यथा संशोधित** जारी करें। |
| 7. | Artificial Limbs | कृत्रिम अंग | **Artificial Limbs** Manufacturing Corporation of India (ALIMCO) is released grants for cochlear implants. | भारतीय **कृत्रिम अंग** निर्माण निगम **(**एलिम्को) को कॉकलियर इंप्लांट के लिए अनुदान जारी किया जाता है। |
| 8. | As proposed | यथाप्रस्तावित | Action may be taken **as proposed.** | **यथा प्रस्तावित** कार्रर्वाई की जाए । |
| 9. | Assistive Device | सहायक उपकरण | The Department is providing Assistance To Disabled Persons For Purchase/Fitting of **assistive Device.** | विभाग **सहायक उपकरणों** की खरीद**/**फिटिंग के लिए दिव्यांगजनों को **सहायता** प्रदान कर रहा है**।** |
| 10. | Awareness Generation | जागरूकता सृजन | Department runs a Scheme For **Awareness Generation** And Publicity | विभाग **जागरूकता सृजन** और प्रचार के लिए एक योजना चला रहा है**।** |
| | **B** | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11. | Barrier free environment | बाधा मुक्त वातावरण | The government is trying its best for creation of **barrier free environment** for Persons with disabilities | सरकार इस विभाग के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए **बाधा मुक्त वातावरण** का निर्माण करने के लिए यथासंभव प्रयास कर रही है। |
| 12. | Benchmark disability | बेंचमार्क दिव्यांगता | The RPwD Act mandates not less than 4% reservation in Government vacancies for persons with **benchmark disabilities.** | आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम में **बेंचमार्क दिव्यांगता** वाले व्यक्तियों के लिए सरकारी रिक्तियों में कम से कम 4% आरक्षण का अधिदेश प्रदान किया गया है। |
| 13. | Braille | ब्रेल | **Braille** as a potential instrument has empowered the blind people to read and write freely and think critically, creatively and independently. | एक संभावित साधन के रूप में **ब्रेल** ने दृष्टिहीन लोगों को स्वतंत्र रूप से पढ़ने और लिखने तथा गंभीर, रचनात्मक एवं स्वतंत्र रूप से सोचने का अधिकार दिया है । |
| 14. | Brief | संक्षिप्त सार | **Brief** note is placed below. | **संक्षिप्त** नोट नीचे रखा है। |
| 15. | Built-Up Environment | निर्मित वातावरण | Accessibility Guidelines for **Built-Up environment** are notified under the RPwD Rules, 2017**.** | आरपीडब्ल्यूडी नियमावली, 2017 के तहत **निर्मित वातावरण** के लिए सुगम्यता दिशानिर्देश अधिसूचित किए गए हैं। |
| | **C** | | | |
| 16. | Cerebral Palsy | प्रमस्तिष्क घात | **Cerebral Palsy** can cause physical disability in human development. | **प्रमस्तिष्क घात** मानव विकास में शारीरिक दिव्यांगता का कारण हो सकता है। |
| 17. | Chief Commissioner of Persons with Disabilities | मुख्य दिव्यांगजन आयुक्त | The Office of the **Chief Commissioner for Persons with Disabilities** also inspects the work done by the implementing agencies from time to time. | **मुख्य दिव्यांगजन आयुक्त** का कार्यालय कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा किए गए कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण भी करता है। |
| 18. | Cochlear implants | कॉकलियर इंप्लांट | **Cochlear implant** is carried out by ALIMCO. | एलिम्को द्वारा **कॉकलियर इंप्लांट** किया जाता है। |
| 19. | Compliance | अनुपालन | Please expedite **compliance.** | कृपया शीघ्र **अनुपालन** करें। |
| 20. | Composite Regional Centre (CRCs) | समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) | **Composite Regional Centre (CRC)** is being set up in Manipur. | मणिपुर में **समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी)** की स्थापना की जा रही है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21. | Community Based Rehabilitation | समुदाय आधारित पुनर्वास | There is also a provision for **community based rehabilitation** for the PwDs. | दिव्यांगजनों के लिए **समुदाय आधारित पुनर्वास** का भी प्रावधान है। |
| 22. | Concurrence | सहमति | **Concurrence** of IFD may be obtained. | आईएफडी की **सहमति** प्राप्त कर ली जाए। |
| | **D** | | | |
| 23. | Deaf | बधिर | The cochlear implant is a modern technology for the benefit of **deaf** people. | कॉकलियर इंप्लांट **बधिर** व्यक्तियों के लाभ के लिए एक आधुनिक तकनीक है। |
| 24. | Deformity | विकृति | Although the number of disability in leprosy affected persons has reduced substantially, yet quite a backlog of cases exist for correction of their **deformity.** | हालांकि कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों में दिव्यांगता की संख्या काफी कम हो गई है फिर भी उनकी **विकृति** में सुधार के लिए बैकलॉग के काफ़ी मामले मौजूद हैं। |
| 25. | Developmental disabilities | विकासात्मक दिव्यांगताएँ | **Intellectual and developmental disabilities** are also covered under RPWD Act, 2016. | आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 के अंतर्गत **बौद्धिक और विकासात्मक दिव्यांगताओं** को भी शामिल किया गया है। |
| 26. | Differently-abled | भिन्न रूप से सक्षम | The government has made various efforts towards empowerment of the **differently-abled** people through its schemes, programmes and policies. | सरकार ने अपनी योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों के माध्यम से **भिन्न रूप से सक्षम** व्यक्तियों के सशक्तिकरण की दिशा में विभिन्न प्रयास किए हैं। |
| 27. | Disabilities | दिव्यांगताएं | Number of **disabilities** increased from 7 to 21. | **दिव्यांगताओं** की संख्या **7** से बढ़कर **21** हो गई । |
| 28. | Disability Certificate | दिव्यांगता प्रमाण पत्र | **Disability Certificate** is required for availing the benefits meant for persons with disabilities. | दिव्यांगजनों को निर्धारित लाभ प्राप्त करने के लिए **दिव्यांगता प्रमाण पत्र** की आवश्यकता होती है। |
| 29. | Discrimination | भेदभाव | Article 15 of the Indian Constitution prohibits **discrimination** in the matter of access to public places. | भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15 में सार्वजनिक स्थानों में प्रवेश के मामले में **भेदभाव** का निषेध किया गया है। |
| 30. | Distribution Camp | वितरण शिविर | **Distribution Camps** have been organized by ALIMCO for distribution of Aids and appliances. | सहायक यंत्रों और उपकरणों के वितरण के लिए एलिम्को द्वारा **वितरण शिविरों** का आयोजन किया गया है। |
| 31. | Draft | मसौदा | Please put up **draft** reply. | कृपया उत्तर का **मसौदा** प्रस्तुत करें। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 32. | Dwarfism | बौनापन | **Dwarfism** is also placed in the category of disabilities. | **बौनेपन** को भी दिव्यांगताओं की श्रेणी में रखा गया है। |
| | **E** | | | |
| 33. | Early Intervention | प्रारंभिक उपाय | **Early Intervention** is necessary in the case of disabled children. | दिव्यांग बच्चों के मामले में **प्रारंभिक उपाय** आवश्यक है। |
| 34. | Empowerment | सशक्तिकरण | Department of **Empowerment** of Persons with Disabilities makes policies for welfare of PwDs. | दिव्यांगजन **सशक्तिकरण** विभाग दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए नीतियां बनाता है। |
| 35. | Empowerment | अधिकारिता | Ministry of Social Justice and **Empowerment** | सामाजिक न्याय और **अधिकारिता** मंत्रालय |
| 36. | Endorsement | पृष्ठांकन | **Endorsement** put up for signatures. | **पृष्ठांकन** हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत है। |
| 37. | Ex-post facto sanction | कार्योत्तर स्वीकृति | **Ex-post facto** sanction is accorded as proposed**.** | यथा प्रस्तावित **कार्योत्तर** स्वीकृति प्रदान की जाती है। |
| | **F** | | | |
| 38. | Follow up action | अनुवर्ती कारर्वाई | **Follow up action** may be taken soon. | **अनुवर्ती कार्रवाई** शीघ्र की जाए। |
| 39. | Free Coaching | निःशुल्क कोचिंग | **Free Coaching** for Students with Disabilities | दिव्यांगजनों के लिए **निःशुल्क कोचिंग** की योजना। |
| 40. | Full Participation | पूर्ण भागीदारी | **Full Participation** and Equality of Rights and Opportunities for Persons With Disabilities is their right. | दिव्यांगजनों के लिए **पूर्ण भागीदारी** तथा अधिकारों और अवसरों की समानता उनका अधिकार है। |
| | **G** | | | |
| 41. | Grant-in-aid | सहायता अनुदान | Registration of NGOs with NITI Aayog is mandatory for availing **grant-in-aid** under ADIP scheme. | एडिप योजना के अंतर्गत **सहायता-अनुदान** प्राप्त करने के लिए नीति आयोग के साथ ग़ैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) का पंजीकरण अनिवार्य है। |
| | **H** | | | |
| 42. | Hearing Impairment | श्रवण बाधिता | **"Hearing Impairment"** means loss of sixty decibels or more in the better ear in the conversational range of frequencies**.** | **"श्रवण बाधिता"** का अर्थ फ्रीक्वेंसी की संवादात्मक रेंज में बेहतर कान में साठ डेसीबल या अधिक की हानि है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **I** | | | |
| 43. | Incentive Scheme | प्रोत्साहन योजना | **Incentive Scheme** for providing employment to persons with disabilities in private sector. | निजी क्षेत्र में दिव्यांगजनों को रोजगार देने के लिए **प्रोत्साहन योजना** चलाई जा रही है। |
| 44. | Inclusive development | समावेशी विकास | The motto of the Government is **inclusive development.** | सरकार का लक्ष्य **समावेशी विकास** है। |
| 45. | Infection | संक्रमण | In some cases the **infection** can lead to a permanent disability such as deafness or brain damage. | कुछ मामलों में **संक्रमण** से बहरापन या मस्तिष्क की क्षति जैसी स्थायी दिव्यांगता हो सकती है। |
| 46. | Infirmity | दुर्बलता | A member disabled by sickness or **infirmity** is permitted to speak while sitting. | रोग या **दुर्बलता** के कारण असमर्थ सदस्य को बैठकर बोलने की अनुमति दी जाती है। |
| 47. | Intellectual disability | बौद्धिक दिव्यांगता | The degree of **intellectual disability** varies, but it is usually mild to moderate. | **बौद्धिक दिव्यांगता** का स्तर बदलता है**,** लेकिन यह आमतौर पर न्यून से मध्यम होती है। |
| 48. | Instructions | अनुदेश | Instructions have been issued. | **अनुदेश** जारी कर दिए गए हैं। |
| 49. | Investigate | जांच | Please **investigate** and report. | कृपया **जांच** कर रिपोर्ट दें**।** |
| 50. | Issue | जारी करना | UDID Card is being **issued** to every PwD in the country. | देश के प्रत्येक दिव्यांगजन को यूडीआईडी कार्ड **जारी** किया जा रहा है। |
| | **L** | | | |
| 51. | Leprosy Cured Persons | कुष्ठ रोग उपचारित व्यक्ति | The RPwD Act mandates the appropriate government to take steps for rehabilitation of **leprosy cured persons.** | आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम में **कुष्ठ रोग उपचारित व्यक्तियों** के पुनर्वास के लिए कदम उठाने हेतु उपयुक्त सरकार को अधिदेश प्रदान किया गया है। |
| 52. | Locomotor disability | गतिविषयक दिव्यांगता | National Institute for **Locomotor Disabilities**, Kolkata is an apex organization in the area of locomotor disability. | राष्ट्रीय गतिविषयक दिव्यांगता संस्थान, कोलकाता **गतिविषयक दिव्यांगता** के क्षेत्र में शीर्ष संगठन है\| |
| 53. | Low vision | अल्प दृष्टि | **"Low vision"** means impairment of visual functioning even after treatment of standard refractive correction**.** | **"अल्प दृष्टि"** का अर्थ मानक अपवर्तक सुधार उपचार के बावजूद दृष्टिबाधित होना है**।** |
| | **M** | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 54. | Mainstream | मुख्यधारा | Inclusion of persons with disabilities in the **mainstream** of society is necessary for their empowerment. | दिव्यांगजनों को समाज की **मुख्यधारा** में शामिल करना उनके सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है। |
| 55. | Mental and developmental disability | मानसिक और विकासात्मक दिव्यांगता | **Mental and developmental disability** is a matter to which the government is paying more attention. | **मानसिक और विकासात्मक दिव्यांगता** एक ऐसा मामला है, जिस पर सरकार अधिक ध्यान दे रही है। |
| 56. | Mental illness | मानसिक रुग्णता | **Mental illness** means any mental disorder other than Mental retardation | **मानसिक रुग्णता** का अर्थ है मानसिक मंदता के अलावा अन्य कोई भी मानसिक विकार |
| 57. | Mental Retardation | मानसिक मंदता | **Mental retardation** is a developmental disability. | **मानसिक मंदता** एक विकासात्मक दिव्यांगता है। |
| 58. | Multiple Disabilities | बहु-दिव्यांगताएं | The Census 2011, of India enumerated data on eight types of Disabilities, including first time entry of **multiple disabilities.** | भारत की जनगणना 2011 में आठ प्रकार की दिव्यांगताओं के आंकड़ों की गणना की गई है, जिसमें पहली बार **बहु-दिव्यांगताएं** शामिल की गई है । |
| | **N** | | | |
| 59. | National Fellowships | राष्ट्रीय फैलोशिप | The department awards **National Fellowship** for PwDs. | विभाग दिव्यांगजनों के लिए **राष्ट्रीय फैलोशिप** प्रदान करता है**।** |
| 60. | National Trust | राष्ट्रीय न्यास | **National Trust** was established for the Welfare of Persons with Autism, Cerebral Palsy, Mental Retardation and Multiple Disabilities. | स्वपरायणता, प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मंदता और बहु-दिव्यांगताओं से ग्रस्त व्यक्तियों के कल्याण के लिए **राष्ट्रीय न्यास** स्थापित किया गया\| |
| | **O** | | | |
| 61. | Outstanding | बकाया | Bill is **outstanding**. | बिल **बकाया** है। |
| 62. | Necessary | आवश्यक | **Necessary** action may be taken**.** | **आवश्यक** कार्रवाई की जाए। |
| | **P** | | | |
| 63. | Penal provisions | दंडात्मक प्रावधान | The RPwD Act also has **penal provisions** for violation of its provisions | आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम में इसके प्रावधानों के उल्लंघन के लिए **दंडात्मक प्रावधान** भी हैं |
| 64. | Partial disability | आंशिक दिव्यांगता | **Partial disability** is a physical or psychological condition that affects | **आंशिक दिव्यांगता**, एक शारीरिक या मानसिक स्थिति है जो मात्र एक सीमित हद तक किसी व्यक्ति की क्षमताओं को प्रभावित करती है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | a person's capabilities only to a limited extent. | |
| 65. | Peruse | अवलोकन करना | May kindly **peruse.** | कृपया **पढ़ लें/अवलोकन** करें। |
| 66. | Persons with Special needs | विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्ति | Persons with disabilities or **Persons with Special needs** are a valuable human resource for our social and economic development | दिव्यांगजन या **विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्ति** हमारे सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए एक मूल्यवान मानव संसाधन हैं। |
| 67. | Postpone | स्थगित | **Postpone** for the present. | इस समय **स्थगित** रखें। |
| 68. | Procedure | प्रक्रिया | **Procedure** should be strictly adhered to | **प्रक्रिया** का कड़ाई से पालन होना चाहिए। |
| 69. | Proposal | प्रस्ताव | **Proposal** accepted. | **प्रस्ताव** स्वीकार है। |
| | **R** | | | |
| 70. | Recreational activities | मनोरंजक गतिविधियाँ | Measures for promoting sports, culture, **recreational activities** for disabled have been adopted by the government. | सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए खेल, संस्कृति, **मनोरंजक गतिविधियों** को बढ़ावा देने के उपाय अपनाए गए हैं। |
| 71. | Reference | संदर्भ | Put up **references.** | **संदर्भ** प्रस्तुत करें। |
| 72. | Rehabilitation | पुनर्वास | NGOs are also working for **rehabilitation** of persons with disabilities. | एनजीओ भी दिव्यांगजनों के **पुनर्वास** के लिए काम कर रहे हैं। |
| 73. | Reminder | अनुस्मारक | **Reminder** may be sent | **अनुस्मारक** भेजा जाए\| |
| 74. | Reply | उत्तर | **Reply** should be issued today. | **उत्तर** आज भेज दिया जाना चाहिए। |
| 75. | Remarks | टिप्पणी | We have no **remarks** to offer. | हमें कोई **टिप्पणी** नहीं करनी है। |
| 76. | Requisite | अपेक्षित | May please furnish the **requisite** information | कृपया **अपेक्षित** सूचना दें। |
| 77. | Retrofitting | रेट्रोफिटिंग | Department of Empowerment of Persons with Disabilities extended financial help for **retrofitting** of selected State Government Buildings. | दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने चयनित राज्य सरकार के भवनों की **रेट्रोफिटिंग** के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की। |
| | **S** | | | |
| 78. | Sanctioned | संस्वीकृत | **Sanctioned** as proposed. | यथाप्रस्तावित **संस्वीकृत** । |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 79. | Scholarship | छात्रवृत्ति | Department implements **Scholarship Scheme** for Students with Disabilities scheme. | विभाग दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए **छात्रवृत्ति** योजना कार्यान्वित करता है। |
| 80. | Sign Language | संकेत भाषा | Indian Sign Language and Training Centre (ISLRTC) provides training in the field of **Sign Language.** | भारतीय **संकेत भाषा** और प्रशिक्षण केन्द्र (आईएसएलआरटीसी) संकेत भाषा के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करता है। |
| 81. | Skill Training | कौशल प्रशिक्षण | National Action Plan (NAP) for **Skill Training** of Persons with disabilities is being implemented by the Department. | विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के **कौशल प्रशिक्षण** के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना **(**एनएपी**)** लागू की जा रही है**।** |
| 82. | Social justice | सामाजिक न्याय | Department of Empowerment of Persons with Disabilities is a department under Ministry of **Social Justice** & Empowerment. | दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग **सामाजिक न्याय** और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन एक विभाग है। |
| 83. | Special School | विशेष स्कूल | **Special schools** have been opened for students with disabilities. | दिव्यांग छात्रों के लिए **विशेष स्कूल** खोले गए हैं**।** |
| 84. | Specified disabilities | विनिर्दिष्ट दिव्यांगताएं | Guidelines for evaluation and certification of **specified disabilities** have also been notified. | **विनिर्दिष्ट दिव्यांगताओं** के मूल्यांकन और प्रमाणीकरण के लिए दिशा-निर्देश भी अधिसूचित कर दिए गए हैं। |
| 85. | State Channelizing Agencies | राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियां | Some of the States have nominated **State Channelizing Agencies.** | कुछ राज्यों ने **राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों** को नामित किया है। |
| 86. | State Spinal Injury Centres | राज्य स्पाइनल इंजरी सेंटर | The Central Sector scheme on setting up of '**State spinal injury centres**' is being implemented by this department since 31.03.2015. | इस विभाग द्वारा **राज्य स्पाइनल इंजरी सेंटर** की स्थापना के लिए 31.03.2015 से केंद्रीय क्षेत्रक योजना लागू की जा रही है। |
| 87. | Status quo | यथा पूर्व स्थिति | There is no need to change the **status quo**. | **यथा पूर्व स्थिति** को बदलने की कोई आवश्यकता नहीं है। |
| 88. | Sufficient | पर्याप्त | **Sufficient** notice has not been given. | **पर्याप्त** सूचना नहीं दी गई है। |
| 89. | Suitable | उपयुक्त | **Suitable** reply may be given. | **उपयुक्त** उत्तर दिया जाए। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 90. | Sustainable Development Goals | सतत विकास लक्ष्य | India's National Development Agenda reflects the **Sustainable Development Goals** that emphasize disability-inclusive approach. | भारत के राष्ट्रीय विकास एजेंडे में **सतत विकास लक्ष्यों** को दर्शाया गया है जिसमें दिव्यांगता-समावेशी दृष्टिकोण पर जोर दिया गया है। |
| | **T** | | | |
| 91. | Training Partner | | Skill Training to PwDs is provided through Govt. and Non-Government Organizations empanelled as **Training Partners** with the Department. | विभाग के साथ **प्रशिक्षण भागीदारों** के रूप में पैनलबद्ध सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से दिव्यांगजनों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। |
| | **U** | | | |
| 92. | United Nations Convention on Rights of Persons with Disabilities | दिव्यांगजनों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन | India a signatory to the **United Nations Convention on Rights of Persons with Disabilities (UNCRPD)** 2007**.** | भारत **दिव्यांगजनों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (यूएनसीआरपीडी)** 2007 का हस्ताक्षरकर्ता है। |
| 93. | Under consideration | विचाराधीन | Case is **under consideration.** | मामला **विचाराधीन** है |
| 94. | Unique Disability ID (UDID) Project | विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी) परियोजना | **Unique disability identity card project** is being implemented to provide UDID cards to all PwDs. | सभी दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड प्रदान करने के लिए **विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र परियोजना** चलाई जा रही है**।** |
| 95. | Universally accessible | सर्वसुलभ सुगम्य | The Government envisages the creation of a **universally accessible** nation. | सरकार ने **सर्वसुलभ सुगम्य** राष्ट्र के निर्माण की परिकल्पना की है। |
| 96. | Urgent | जरूरी | Please treat as most **urgent**. | कृपया इसे अत्यंत **जरूरी** समझें**।** |
| 97. | Utilisation Certificate | उपयोग प्रमाण पत्र | The Programme Implementing Agencies will have to submit **Utilisation Certificate** of the previous year before they receive the final installment of the grant of the next year. | कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों को अगले वर्ष के अनुदान की अंतिम किस्त प्राप्त करने से पहले पिछले वर्ष का **उपयोग प्रमाण पत्र** प्रस्तुत करना होगा । |
| | **V** | | | |
| 98. | Verified | सत्यापित | **Verified** and found correct. | **सत्यापित** कर लिया और ठीक पाया। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 99. | Visual disability | दृष्टि दिव्यांगता | A person with **visual disability** can now access the government portals using assistive technologies such as screen readers and magnifiers. | **दृष्टि दिव्यांगता** वाला कोई भी व्यक्ति अब स्क्रीन रीडर और मैग्नीफायर की सहायक तकनीकों की मदद से सरकार के पोर्टल का उपयोग कर सकता है। |
| 100. | Vocational Rehabilitation | व्यावसायिक पुनर्वास | **Vocational Rehabilitation** Centers are being reorganized as manpower development centers. | **व्यावसायिक पुनर्वास** केन्द्रों का पुनर्गठन जनशक्ति विकास केन्द्रों के रूप में किया जा रहा है। |